छात्रों को किया साइबर सुरक्षा पर मार्गदर्शन

संवाददाता | महान

स्थानीय जिला परिषद उर्दू केंद्रीय शाला में आयोजित कार्यशाला में छात्रों को साइबर सुरक्षा के बारे में विशेषज्ञों ने आवश्यक जानकारी देकर मार्गदर्शन किया।

अकोला के शंकरलाल खंडेलवाल महाविद्यालय की सानिका वाघमारे, अदिती जनोरकार इस सायबर वॉरियर्स ने छात्रों को साइबर सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों पर मार्गदर्शन किया। इस कार्यशाला में क्विक हिल फाऊनडेशन पुणे और महाराष्ट साइबर के सहयोग से तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डा. जगदीश साबु तथा भौतिकशास्त्र विभाग के डा. हरिदास खरात के मार्गदर्शन में छात्रों को मार्गदर्शन किया गया। इस कार्यशाला के अध्यक्ष, शाहीद ने छात्रों को मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक, कर्मचारी, छात्र उपस्थित थे। इस प्रकार के उपक्रम से छात्रों को विशेष ज्ञान मिलता है, ऐसा अभिभावकों का कहना है।